हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 29 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42.5 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

10 बर्तन नगरी (जगाधरी) के बाजारों में जाम लगने से लोग परेशान



12 हिंदू संगठनों का ऐलान, मंडे बाजार में बाहरी...



## खबर संक्षेप

### जीएमएन कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट के इतिहास विभाग के द्वारा एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी मान्यता हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा दी गई थी। सेमिनार की शुरुआत कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अन्य सामानित अतिथि गणों के स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती की वंदना और ज्योति प्रचलित की गई जिसका उद्देश्य मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त करना था।

### पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में हुई प्रतियोगिताएं

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के मिडिल विंग में कक्षा छठी,सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के लिए अंतर सदनीय क्रिया कलाप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय कक्षा छठी में वाल हैंगिंग ,कक्षा सातवीं में हैंडमेड ज्वेलरी मेकिंग तथा कक्षा आठवीं में फाइल कवर डेकोरेशन थे। स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए कहा कि हम अपने बच्चों को सीखने की गतिविधियों में व्यस्त रखने का प्रयास करते हैं।

### प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अंबाला। डीएवी विद्यालय के प्रांगण में आर्य युवा समाज द्वारा प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी के जीवन एवं कार्यों पर आधारित एक विशेष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को गुरुदत्त जी के प्रेरणादायक जीवन, उनके शिक्षा क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान तथा आर्य समाज के प्रति उनके समर्पण के विषय में जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी के दौरान विद्यार्थियों में अद्भुत ऊर्जा और सीखने की जिज्ञासा देखने को मिली।

### पाक की किस्मत में रोना है: अनिल

**अंबाला।** परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने सिंधु जल समझौते का पानी छोड़ने को लेकर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पाकिस्तान की किस्मत में तो रोना ही रोना है। अगर हम पानी रोकते हैं तो भी रोता है अगर हम पानी छोड़ते हैं तो भी रोता है। उन्होंने कहा यह हमारा पानी है, हम इसे जैसे भी इस्तेमाल करें। उन्होंने इस मामले में पूर्व की कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा की यह तो 1960 में हमारे कुछ पाक परस्त नेताओं ने हिंदुस्तान का ध्यान न रखकर पाकिस्तान को फायदा पहुंचाने के लिए ट्रीटी कर दी। मगर अब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। मोदी वही करते हैं जिससे देश को फायदा होता है।

### 8.500 किलोग्राम गांजा समेत काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र के टांगरी बांध के पास से गांजा बेचने के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी हरीश चन्द्र उर्फ सुमित को 8 किलो 500 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। 26 अप्रैल 2025 को सीआईए-1 के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा बेचने का कार्य करता है। वह टांगरी नदी से करधान गांव की तरफ मोटरसाइकिल पर गांजा की सप्लाई के लिए आएगा। सूचना उपरांत सीआईए-1 ने नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 8 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया। अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।



# देश में परिवर्तन लाने व नए युग का सूत्रपात करेगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: दत्तात्रेय

## राज्यपाल बंडारू ने राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸। कुरुक्षेत्र

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल वीरवार को करनाल पहुंचे और कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले के शिकार हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया और परिजनों को सांत्वना दी। परिजनों व विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी की वेदना सुनकर मनोहर लाल की आंखे नम हो गईं। उन्होंने कहा कि यह घटना परिवार के साथ-साथ देश के लिए भी बहुत दुखदायी है, दुःख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ है और परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह बहुत ही दुःख की बात है कि देश का एक नौजवान और होनहार हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश में परिवर्तन लाने व नए युग का सूत्रपात करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का अहम योगदान होगा। यह शिक्षा नीति देश में एक नई चेतना और क्रान्ति पैदा करेगी जिससे वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन सकेगा। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन, हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा में विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।




कुरुक्षेत्र। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय का स्वागत करतते एनसीटीई के चैयरमेन प्रो. पंकज अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

इससे पहले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, एनसीटीई के चैयरमेन प्रो. पंकज अरोड़ा, एचएसएचईसी के चैयरमेन प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, एनसीटीई की सदस्य सचिव अभिलाषा झा मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित किया व एनसीटीई के ध्येय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### बौद्धिक विकास हो

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि एनईपी 2020 का उद्देश्य आत्मनिर्भर, तर्कसंगत ढंग से सोचने वाले, क्रिया करने वाले, करूणा एवं मानवता के साथ साहसी, रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता की जड़ों से युक्त युवा तैयार करना। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सभी स्तर की शिक्षण संस्थाओं में विद्यालय से लेकर उच्च शिक्षा तक क्रियान्वित करने के लिए सुझाव दिए गए हैं।

### शिक्षा राष्ट्र की आत्मा

राज्यपाल बंडारू दत्तोत्रय ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र की आत्मा होती है। यदि हम 2047 तक एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और वैश्विक नेतृत्व वाला भारत बनाना चाहते हैं, तो शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। आज गीता स्थली कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक धरती से शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन के नए युग का सूत्रपात कर रहे हैं, जो विकसित भारत 2047 के सपने की ओर एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संचारक नहीं होता, वह चरित्र निर्माण का शिल्पकार भी होता है। शिक्षक के शब्द विद्यार्थी के भविष्य को आकार देते हैं, उसकी सोच को दिशा देते हैं, और उसमें नवाचार व सेवा की भावना का संचार करते हैं।

### भारत विश्व का सबसे युवा देश

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है 15 से 39 के बीच 37 करोड़ युवा है जो हमारी ताकत है। देश के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए विजन 2047 को प्राप्त करने में विभिन्न आयाम साइंस, तकनीक, एग्रीकल्चर, इंडस्ट्री, सर्विस सेक्टर के मूल में शिक्षा है। पहली आदमी के पास काम नहीं, बेरोजगारी, काम के लिए आदमी नहीं मिल रहे स्किल की कमी, काम के लिए रखे हुए आदमी किसी काम के नहीं। संस्कारों की कमी, एनईपी में इन तीनों समस्याओं को समाधान दिया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने हरियाणा में ही नहीं बल्कि पूरे देश में एनईपी को अपने यूजी एवं पीजी प्रोग्राम्स में सभी प्रावधानों के साथ लागू किया है। उन्होंने कहा कि केयू हरियाणा का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय है जिसे नेक द्वारा ए प्लस प्लस ग्रेड दिया गया है।

### तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया : अरोड़ा

एनसीटीई के चेयरपर्सन प्रो. पंकज अरोड़ा ने कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से ही एनसीटीई की तरफ से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन का विषय भी शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा रखा गया है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में दो दिन शिक्षाविद् और विद्वानजन मिलकर शिक्षा और देश की भावी पीढ़ी विद्यार्थियों को शिक्षित और संस्कारित करने वाले एक अच्छे शिक्षक का निर्माण करने पर चर्चा की जाएगी। आज एनसीटीई परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आज उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षक की निहायत जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूरे भारत में जल्द लागू किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में तैयार की गई नई शिक्षा नीति-2020 इसी दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है।

# अवैध खनन किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं: गुप्ता

- उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिले में अवैध खनन करने वालों को दी कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। यमुनानगर

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने व नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए चलाया जा रहा अभियान जारी है। इस अभियान के तहत बीती रात जिला प्रशासन व खनन विभाग की टीमों द्वारा 2269 वाहनों की जांच की गई। चैकिंग के दौरान एक वाहन को सीज कर 5 लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिले में अवैध खनन रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1402 वाहनों की चैकिंग की गई। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 286 वाहनों की चैकिंग की गई। एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 398 वाहनों की चैकिंग के दौरान 1 वाहन का चालान कर 94 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 183 वाहनों की चैकिंग कर 1 वाहन सीज किया तथा 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।



यमुनानगर। अवैध खनन रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत खनिज वाहन पर कार्रवाई करते हुए खनन विभाग की टीम के सदस्य।

### प्रशासन पूरी तरह सजग

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। प्रशासन की टीमें ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बसपा नेता व दिल्ली के प्रॉपर्टी कारोबारी की हत्या में इस्तेमाल हथियार सप्लाई करने के आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने चार आरोपियों को किया काबू, रिमांड के दौरान दोनों हत्याओं का खुला राज, दो आरोपी दुबई फरार होने का कर रहे थे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला

बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की हत्या में संलिप्त चार आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। काफी समय से पुलिस इन आरोपियों की तलाश कर रही थी। हत्या में इस्तेमाल कि गए हथियार इन पकड़े गए आरोपियों ने सप्लाई किए थे। पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि थाना नारायणगढ़ में दर्ज बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की गोली मार कर हत्या करने के मामले में पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में सीआईए वन ने आरोपी यमुनानगर के गांव मारवा कलां क शुभम, यमुनानगर के रसूलपुर के शौकीन को लखनऊ एयरपोर्ट से काबू किया गया था। आरोपी दुबई भागने की फिराक में थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 9 दिन के रिमांड पर लिया था। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पंजलासा के ललित की गाड़ी पर फायर करने के लिए हथियार उन्होंने ही उपलब्ध करवाए थे। दिल्ली में एक प्रोपर्टी डीलर की हत्या में भी उनकी ही मुख्य भूमिका है। दिल्ली पुलिस की कई टीमें उनका पीछा कर रही हैं।

बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की हत्या के मामले में भी आरोपी शुभम ने आरोपियों को हथियार उपलब्ध करवाए थे। हथियार लाने ले जाने में शौकीन, मनजीत निवासी गांव मानकपुर व गर्व वासी गांव भील छप्पर ने अहम भूमिका निभाई थी।




पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में।

### एक देसी पिस्टल, 2 रौंद व मैगजीन बरामद

रिमांड के दौरान जांच टीम ने आरोपी शुभम से एक देसी पिस्टल, 2 रौंद व मैगजीन बरामद की गई है। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इस मामले में संलिप्त अब तक 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी ने युवाओं से अपील की है कि वह किसी भी अपराधी के बहकावे में आकर आपराधिक कार्य न करें जिससे उनका भविष्य खराब हो। बुरी आदतों से बचकर रहें।

# खेतों में आग लगने से तूड़ी के कूप व फाने जलकर राख

- मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी, आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। तरावड़ी

सोमवार को तरावड़ी व आसपास के गांवों में लगी आग से खेतों में फानों को आग ने अपनी चपेट मे ले लिया। जिससे आसपास के गांव में लगभग 20 एकड़ व 10 तूड़ी के कूप जलकर राख हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार तरावड़ी के पास गांव अंजनथली, सिद्धपुर, पुरानी नीलोखेड़ी में खेतों में आग ने तांडव दिखाया। जिसमें लगभग 20-25 एकड़ खेतों में खड़े फाने व पुरानी नीलोखेड़ी में तूड़ी के लगभग 10 कूपों में आग लग गई। गांव के लोगों ने फायर बिग्रेड की गाड़ी को फोन करके मौके पर बुलाया गया। बड़ी मक्शत के बाद फायर ब्रिगेड के कर्मियो ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। इसके अलावा तरावड़ी जीटी रोड नया बस स्टैंड के पास भी खेतों में आग ने अपना रूद्र रूप दिखाया। वहां पर खड़े फानों में भयंकर आग लग गई। जिसमें खेतों के आसपास खड़े पेड़ों को भी काफी नुकसान हुआ है पुलिस अधिकारी ने बताया सूचना मिली मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुलाया और आग पर काबू पाया गया।



### तस्कर ने वन विभाग की गाड़ी को टक्कर मारी

**यमुनानगर।** गांव गुगलो के पास खैर तस्कर ने वन विभाग की गाड़ी को टक्कर मारकर वन कर्मचारियों को जान से मारने का प्रयास किया। कर्मचारियों ने पीछे कूदकर अपनी जान बचाई। वन कर्मचारियों ने आरोपी खैर तस्कर को पकड़कर उनसे करीब छह लाख रुपये की खैर बरामद की। वन रक्षक टेकचंद व सचिन मलिक ने बताया कि रात को वह गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि आमवाली बीट से खैर के पेड़ काटे गए हैं। उन्होंने गांव गुगलों के पास नाका लगाया। कुछ देर बाद उन्हें एक गाड़ी आती दिखाई दिया। जब उन्होंने गाड़ी को रूकने का इशारा किया तो आरोपी ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार कर उन्हें जान से मारने का प्रयास किया और अपनी गाड़ी भगा ले गया। उन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई।

# 1.25 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में निर्माण ढहाए

- भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▸▸। शाहबाद

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार शाहबाद में राजस्व संपदा शाहबाद के गांव पट्टी कांकरा में लगभग 1.25 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा शाहबाद के गांव पट्टी कांकरा में लगभग 1.25 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने शाहबाद में राजस्व संपदा शाहबाद के गांव पट्टी कांकरा में लगभग 1.25 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में कच्ची सडकों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा शाहबाद के गांव पट्टी कांकरा में लगभग 1.25 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।



### विभाग ने दिए थे आदेश

विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे।

## सत्तू शरबत और नारियल पानी से रखें खुद को हाइड्रेटेड

# आसमान से बरसी आग, तापमान @40

- बढ़ती गर्मी के चलते लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। कुरुक्षेत्र

हरियाणा में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से पार पहुंच गया है। आसमान से आग बरस रही है। लू से लोग बेहाल हैं। बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकार ने भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। ऐसे में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के योग विभाग की चेयरपर्सन प्रोफेसर वैद्य शीतल सिंगला ने भीषण गर्मी और हीटवेव से बचाव के लिए आयुर्वेद में कई प्रभावी उपाय और पारंपरिक पेय सुझाए हैं।

उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने और ऊर्जावान बने रहने के लिए प्राकृतिक और संतुलित उपायों को अपनाना चाहिए।

डॉ. शीतल ने कहा कि गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी है। पानी के अलावा छाछ, नारियल पानी और ताजे फलों के रस का सेवन तरलता बनाए रखने और गर्मी से राहत दिलाने में मददगार होता है। नींबू पानी भी शरीर की गर्मी को कम करता है। यही नहीं, गर्मी के मौसम में भारी और तैलीय भोजन से परहेज करें। इसकी बजाय हल्का,जल्दी पचने वाला भोजन लेना शरीर को अतिरिक्त गर्मी से बचाता है।



कुरुक्षेत्र। डॉ. शीतल सिंगला।

### आयुर्वेदिक शीतल पेय

आयुर्वेद के अनुसार, निम्बूक फल पानक (नींबू रस, चीनी पानी और काली मिर्च से बना पेय), आम्र पानक (कच्चे आम से बना शरबत),चिंचा पानक (इमली आधारित पेय) जैसे पारंपरिक पेय गर्मी से बचने में बेहद प्रभावी हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि ये पेय शरीर को शीतलता प्रदान करते हैं और हीटवेव के असर को कम करते हैं। डॉ.शीतल का कहना है कि जिन लोगों को एसिडिटी की दिक्कत रहती हो उन्हें चिंचा पानक से परहेज करना चाहिए।

### सत्तू शरबत से पाएं ताजगी

डॉ. शीतल सिंगला ने बताया कि चना, जौ और गेहूं के सत्तू से बने शरबत गर्मियों में विशेष रूप से लाभकारी माने जाते हैं। मीठे या नमकीन सत्तू शरबत न सिर्फ ऊर्जा प्रदान करते हैं,बल्कि शरीर को लंबे समय तक ठंडा भी रखते हैं। उन्होंने बताया कि रागी से बनी खीर भी गर्मियों में एक बेहतर विकल्प है। यह ठंडक देने के साथ-साथ फाइबर और आवश्यक पोषक तत्वों का भी अच्छा स्रोत है।

### अपर महानिदेशक ने किया सरकारी स्कूल का दौरा

**अंबाला।** अपर महानिदेशक भर्ती (राज्य) मेजर जनरल केपी सिंह ने सोमवार को सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल जटवाड़ का दौरा किया। यहां उन्होंने युवा छात्रों को अग्निपथ योजना और विभिन्न नियमित संवर्गों के तहत भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरे का उद्देश्य युवा मनों को भारतीय सेना में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करना और उनका मार्गदर्शन करना था, जिससे युवाओं में देशभक्ति और कर्तव्य की भावना को बढ़ावा मिले। अपनी यात्रा के दौरान मेजर जनरल सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय सेना वीरता और साहस का पर्याय है जो राष्ट्र की सेवा करते हुए व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान करती है। उल्लेखनीय है कि सेना अधिकारी ने अपनी प्राथमिक शिक्षा उसी स्कूल से पूरी की थी जिससे छात्रों के साथ उनकी बातचीत और भी प्रभावशाली हो गई।

# कार की टक्कर लगने से बाइक सवार पिता की मौत, बेटा घायल

- जगाधरी-पावंटा हाइवे पर गांव पीपलीमाजरा के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। यमुनानगर

जगाधरी-पावंटा हाइवे पर गांव पीपलीमाजरा के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका लड़का घायल हो गया। मृतक व्यक्ति पावंटा साहिब के गुलाब नगर में अपने बेटे के साथ बेटी से मिलने के लिए जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कामी माजरा निवासी शहजान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 57 वर्षीय लियाकत अली उसके भाई शाकिब के साथ बाइक पर उसकी बहन से मिलने बाइक पर पावंटा साहिब के गुलाब नगर जा रहे थे। जब वह गांव पीपली माजरा के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगो ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसके पिता लियाकत अली की मौत हो गई। जबकि उसके भाई का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# ‘बर्तन नगरी’ जगाधरी के बाजारों में जाम से आमजन परेशान

गर्मी के मौसम में बर्तन नगरी के बाजारों में जाम लगना लोगों के लिए बन रहा मुसीबत का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में दिनों दिन गर्मी की तपिश बढ़ने के बावजूद देश भर में बर्तन नगरी के नाम से मशहूर जगाधरी के के बाजारों में लोगों को अतिक्रमण व जाम लगने की समस्या से निजात नहीं मिल रही है।

आलम यह है कि दुकानों के समक्ष कई-कई फुट अतिक्रमण होने से जगाधरी के कई बाजारों में रोजाना जाम की स्थिति बन जाती है। जिससे राहगिरों व स्कूली बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### दुकानों के समक्ष रखे रहते हैं बर्तनों से भरे बोरे

जगाधरी के बर्तन बाजार में जाम में फंसे रोहित, संजीव कुमार, प्रमोद, राहूल , विवेक व सुरेश आदि ने बताया कि दुकानदार दुकानों के बाहर बर्तनों से भरे बोरे रख देते हैं। फिर इन्हें वाहनों में भरकर बाहर सप्लाई करने भेजा जाता है। बर्तन भरने के लिए बाजारों में पहुंचे वाहन आड़े-तिरछे होकर जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं।

दोपहर के समय समस्या अधिक गहरा जाती है। ऐसे में मौसम में बन रही गर्मी की तपिश और जाम में फंसना लोगों के लिए भारी मुसीबत का कारण बन रहा है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से तंग बाजारों में किए गए अतिक्रमण को हटवाए जाने की मांग की।



### यहां लगता है जाम

जगाधरी के पंसारी बाजार, पत्थर बाजार, खेड़ा बाजार, रेलवे बाजार, चौक बाजार, छटा बाजार, पुरानी अनाज मंडी के नजदीक, राजा चौक, बूड़िया चुंगी से शमशान घाट मार्ग तक आदि स्थानों पर आए दिन कहीं न कहीं जाम की स्थिति बन जाती है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### श्रीबलभद्र मंदिर धौलरा में मेला कल

**रादौर।** रादौर क्षेत्र के गांव धौलरा स्थित प्राचीन श्री बलभद्र मंदिर में 30 अप्रैल को एक दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में आसपास व दूर दराज से हजारों श्रद्धालु पहुंचकर मंदिर में भगवान श्री बलभद्र की पूजा अर्चना करके अपने परिवार की सुख शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना करेंगे। श्रद्धालु सुमित व मोहन लाल ने बताया कि गांव धौलरा में श्री बलभद्र भगवान का मंदिर शदियों पुराना है। मंदिर में हर वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें आसपास और दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचकर अपनी मन्नत मांगते हैं और पूजा अर्चना करते हैं।

### लोक अदालत के फैसले के खिलाफ अपील नहीं

**यमुनानगर।** जिला न्यायिक परिसर में दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को आयोजित होगी। जिसमें दोनों पक्षों की सहमती से मामलों का निपटारा किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम कीर्ति वशिष्ठ ने दी। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम कीर्ति वशिष्ठ ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामले, धारा 138 के तहत एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी केस, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद मामले, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली व पानी से संबंधित (गैर शमन मामलों को छोड़) वेतन और भत्ते तथा पुनः परीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामले व राजस्व व मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं



## निगमायुक्त ने सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने का किया आह्वान

# प्रतिबंधित पॉलिथीन बेचने पर कटेगा 25 हजार तक का चालान: सिन्हा

घर से बाजार सामान लेने जाते समय कपड़े का थैले जरूर साथ ले जाएं, नहीं तो 500 से 25 हजार तक तक का होगा चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन बेचने पर प्रतिबंध है। प्रतिबंधित पॉलिथीन व प्लास्टिक बेचने वालों पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलिथीन में सामान बेचने पर अब नगर निगम द्वारा पांच सौ रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक का चालान किया जाएगा। यह जानकारी निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने दी।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने शहरवासियो से आहवान किया कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। बाजार से सामान लाने के लिए घर से कपड़े के थैले लेकर जाएं। उन्होंने बताया कि नगर निगम यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र में कोई भी दुकानदार, थोक विक्रोता या अन्य व्यक्ति 120 माइक्रोन से कम मोटाई प्लास्टिक की पॉलिथीन व अन्य प्लास्टिक का सामान नहीं बेच सकता। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 के तहत इस तरह की प्लास्टिक व पॉलिथीन बेचने वालों पर निगम द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### ....तो होगी कार्रवाई

यदि छापेमारी में दुकानदार व थोक विक्रेता के पास से सौ ग्राम तक 120 माइक्रोन से कम मोटाई प्लास्टिक वाली पॉलिथीन बरामद हुई तो उस पर 500 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही बरामद पॉलिथीन जब्त की जाएगी।

101 ग्राम से 500 ग्राम तक पॉलिथीन मिलने पर 1500 रुपये, 501 ग्राम से एक किलोग्राम पॉलिथीन व प्लास्टिक मिलने पर तीन हजार रुपये, एक किलोग्राम से पांच किलोग्राम तक प्रतिबंधित पॉलिथीन मिलने पर 10 हजार रुपये, पांच किलो से दस किलोग्राम पॉलिथीन मिलने पर 20 हजार रुपये और दस किलोग्राम से अधिक पॉलिथीन मिलने पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही बरामद की गई प्रतिबंधित पॉलिथीन व प्लास्टिक जब्त की जाएगी।

### दुकानदारों से अपील

उन्होंने दुकानदारों से प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि कोई भी दुकानदार ऐसा करते पाया गया तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे घर से बाजार सामान लेने जाते समय कपड़े का थैले जरूर साथ ले जाए।

पॉलिथीन का इस्तेमाल न करें। पॉलिथीन पर्यावरण प्रदूषण के लिए सबसे खतरनाक है। इससे कैंसर जैसी बीमारियां उत्पन्न होती है। पर्यावरण प्रदूषण के साथ पॉलिथीन से नालों, नालियों व सीवरेज ब्लॉक होते हैं। जिससे पानी निकासी की समस्या उत्पन्न होती है। इसलिए जनहित के लिए कोई भी शहरवासी, दुकानदार, रेहड़ी संचालक सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल न करें। ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### वक्ता बोले, पर्यावरण को बचाना हर व्यक्ति का कर्तव्य

■ एमएलएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**रादौर।** एमएलएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में सोमवार को इको जर्नलिज्म गतिविधि का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 7वीं व 8वीं के छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। मौके पर छात्रों ने इको-जर्नलिज्म पर भाषण और कविताएं प्रस्तुत की।

इको-जर्नलिज्म पत्रकारिता की एक शाखा है, जो पर्यावरणीय मुद्दों, मानव गतिविधियों व प्राकृतिक दुनिया के बीच संबंधों से संबंधित समाचार और कहानियों की रिपोर्टिंग पर केंद्रित है। इको-जर्नलिज्म का मुख्य फोकस जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण व जैव विविधता हानि जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर होता है।

छात्रों ने विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इस गतिविधि का उद्देश्य सभी को यह बताना व जनता को जागरूक करना था कि एक पर्यावरण पत्रकार को सूचना एकत्र करते समय कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हमारे पर्यावरण को बचाना हर व्यक्ति का कर्तव्य है, जो आज कई गंभीर समस्याओं से गुजर रहा है।

कार्यक्रम का संचालन प्रियंका विरदी, संध्या व आरती के मार्गदर्शन में हुआ। प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



**यमुनानगर।** एमएलएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।



## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भाकिसं का रोष मार्च

■ पाकिस्तान का जलाया पुतला मुर्दाबाद के लगाए नारे

■ केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निहत्थे पर्यटकों की हत्या करने पर लोगों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। आतंकवादियों द्वारा किए गए इस अमानवीय कृत्य के विरोध में भारतीय किसान संघ ने शहर में रोष मार्च निकाला और पाकिस्तान का पुतला जलाकर अपना विरोध जताया। इस दौरान भाकिसं के सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

भाकिसं के सदस्य संघ के प्रांतीय महासचिव रामबीर सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता रतन सिंह देवधर व अनिल कांबोज के नेतृत्व में शहर के महाराणा प्रताप चौक पर एकत्रित हो गए। इसके बाद संघ के सदस्य रोष मार्च निकालते हुए विभिन्न मार्गों से होते हुए अंत में कन्हैया साहिब चौक पर पहुंचे और पाकिस्तान का पुतला जलाया। मौके पर भाकिसं के सदस्यों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। मौके पर भारतीय किसान संघ के प्रांतीय महासचिव रामबीर सिंह चौहान व वरिष्ठ नेता रतन सिंह देवधर ने कहा कि पहलगाम में मारे गए देश के 26 निहत्थे नागरिकों की हत्या के विरोध में आज पूरा देश गुस्से में है। इस जघन्य अपराध की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि जिस तरह निहत्थे नागरिकों पर कायराना ढंग से हमलाकर उनकी हत्या की गई है। उससे देशवासियों में आक्रोश दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ का हर एक कार्यकर्ता दुख की इस घड़ी में मृतकों के परिवारों के साथ खड़ा है। देश का किसान हर परिस्थिति में देश के साथ खड़ा है। भारतीय किसान संघ के प्रांतीय महासचिव रामबीर सिंह चौहान समेत अन्य सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जल्द से जल्द पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे से मिटा देने और उसे कड़ा सबक सिखाए जाने की मांग की। ताकि पाकिस्तान की आने वाली पीढ़ी भी कभी ऐसा दुस्साहस दोबारा न कर सकें।

## वाहन चोर गिरफ्तार, पुलिस ने आरोपी से चोरी की पांच बाइक की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थैफ्ट सेल की टीम ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उससे चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में लगी है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने जिला पुलिस को अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के सख्त निर्देश दिए हुए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी से चोरी की 5 बाइक बरामद हुई हैं। मामले की जांच कर रहे एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की बाइक को लेकर कलानौर से होता हुआ उत्तर प्रदेश की तरफ जाएगा। इस सूचना के आधार पर एएसआई हुसन, मुख्य सिपाही रणधीर, सरवन, नरेश व रविंदर को शामिल कर जांच टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया। जांच टीम ने मौके पर जाकर आरोपी युवक को मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान जिला सहारनपुर के गांव कुतुबपुर निवासी संदीप कुमार के रुप में हुई। पूछताछ में आरोपी से पांच चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुई। जिन्हें आरोपी ने अलग अलग स्थानों से चोरी किया हुआ है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



## प्रश्नोत्तरी में तनिशा, मुस्कान, हिमांशी नेहा व अंशिका की टीम बनीं विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी यूनिट की ओर से कॉलेज में विकसित भारत, मजबूत युवा सेतू विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी यमुनानगर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह, एडम आफिसर कर्नल जितेंद्र दहिया व सुबेदार मेजर जसवंत सिंह के दिशा निर्देश पर हुआ। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रतियोगिता में कैडेट्स की पांच टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में तनिशा, मुस्कान, हिमांशी, नेहा व अंशिका की टीम ने पहला स्थान अर्जित किया। प्रीति, काजल, खुशी, कंचन व रूचि की टीम ने दूसरा तथा रोहिणी, अंशिका, तनिशा, कशिश व अंजली की टीम ने तीसरा स्थान अर्जित किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान चार राउंड हुए। इस दौरान कैडेट्स से विकसित भारत में युवाओं के योगदान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। जिनका कैडेट्स ने बडी सहजता से उत्तर दिया। मौके पर मेजर गीता शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की रीढ है। युवा जितना सशक्त होगा राष्ट्र उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स से आहवान किया कि वह देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में योगदान दें। साथ ही युवा स्वावलंबी बनें और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य करें। ताकि देश को मजबूती प्रदान की जा सकें। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को बेहतर नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में प्रतियोगिता कैड्टस को संबोधित करते एनसीसी अधिकारी।

## संसार में जन कल्याण से बढ़कर कोई पुण्य कर्म नहीं: स्वामी कुमेर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा घाढ़ क्षेत्र स्थित शिव मंदिर में चल रही श्रीराम कथा का सोमवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर कथाव्यास स्वामी कुमेर महाराज ने श्रद्धालुओं को परमशक्ति के धरा पर अवतार लेने के उदेश्य के बारे में बताया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान किया व भंडारा लगाया गया।

कथाव्यास स्वामी कुमेर महाराज ने फरमाया कि त्रेता युग में जब राक्षसों का अत्याचार बढ़ गया तो प्रभु श्रीराम ने राजा दशरथ के यहां पुत्र के रुप में जन्म लेकर अधर्म का नाश किया। उन्होंने जनकल्याण के लिए चौदह वर्ष तक वनवास जैसी पीड़ा झेलकर राक्षसों का वध किया। उन्होंने फरमाया कि प्रभु श्रीराम के चरित्र से हमें जहां मर्यादा में रहने की सीख मिलती है, वहीं, इस कलियुग में जनकल्याण के लिए प्रेरणा मिलती है। जनकल्याण के लिए कार्य करके जहां आत्मा को शांति मिलती है, वहीं, दूसरों का भला होता है। इसलिए कहा गया है कि जनकल्याण से बढ़कर कोई दूसरा पूण्य नहीं है। जो सबके कल्याण के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर देता है। वह सुख और दुख नही देखता है। वह देखता है तो केवल मानव के भीतर मानवता की खोई हुई गरिमा। महाराज ने कहा कि जब भी धरा पर अधर्म बढ़ता है तो परमशक्ति अवतार लेकर धर्म की रक्षा करती है। इसके लिए चाहे त्रेता हो या द्वापर या कलयुग। हर समय धरा पर वो शक्ति आकर अपना कार्य करती है। लेकिन हम उस शक्ति को जान नहीं पाते हैं। मगर जब व शक्ति धरा को छोड़कर चली जाती है तो हम उसे अपना पंथ बना कर पूजने लगते हैं।



## प्रश्नोत्तरी में तनिशा, मुस्कान, हिमांशी नेहा व अंशिका की टीम ने मारी बाजी

■ आरएसएस का जगाधरी के विद्या मंदिर में शखा संगम कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा जगाधरी के विद्या मंदिर स्कूल में शखा संगम कार्याक्रम का आयोजन किया। जिसमें 19 शाखाओं के स्वयं सेवको ने भाग लिया। जिला संघचालक डॉ. रमेश धारीवाल, सह नगर संघचालक डॉ. जितेन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आरएसएस के सहप्रांत मुख्य मार्ग प्रमुख राजबीर भी शामिल हुए।

मार्ग प्रमुख राजबीर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्राण संघ की दैनिक लगने वाली शाखा है। जिसका दूसरा नाम कठिन तप, साधना है। जो संघ के प्रति निष्ठा रखने वाले स्वयंसेवक पिछले 99 वर्षों से अनवरत करते आ रहे हैं। आज इसी कठिन तपएसाधना का परिणाम पूरी दुनिया देख रही है।



कोई भी राष्ट्र तब तक विकास के पथ पर अग्रसर नहीं हो सकता है। जब तक उस राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का सर्वांगींण विकास नहीं हो जाता है। संघ संस्थापक डाक्टर हेडगेवार के द्वारा संघ के स्थापना काल से ही स्वयंसेवकों के बल पर देश के हर व्यक्ति का शारीरिक, सामाजिक, आध्यात्मिक व बौद्धिक, सामाजिक समरसता, सामाजिक सद्भाव के द्वारा सर्व समाज का सर्वांगीण विकास पर ध्यान देता आ रहा है। आज विश्वस्तर पर संघ की शक्ति पाकर गर्व से वही हिन्दू अपने आप को हिन्दू कहता है।

शक्ति की उपासना ही संघ की स्थापना का मूल उद्देश्य है। राजबीर ने कहा कि संघ की शाखाएं ही इस राष्ट्र के लिए व्यक्ति निर्माण करती हैं। व्यक्ति निर्माण की कार्यशाला ही शाखा है। प्रत्येक शाखा में स्वयं सेवकों का विस्तार जरूरी है। नए लोगों को शाखा के साथ जोडा जाए। इससे पूर्व स्कूल के ग्राउंड में सभी शाखाएं लगी। जिसमें स्वयं सेवकों ने सुक्ष्म व्यायाम किए। सूर्या नमस्कार के अलावा अन्य का भी अभ्यास करवाया गया। बाद में संचलन अभ्यास, सामूहिक गीत अभ्यास और प्रार्थना भी करवाई गई।

### खेलों में दम दिखाने वाले विजेता विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

# ग्लोब हेरिटेज स्कूल ने स्केटिंग में जीते 20 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने इंटर स्कूल स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया।

स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने बताया कि संजय गांधी पब्लिक स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल स्केटिंग चैंपियनशिप में ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें स्कूल के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 8 रजत व 7 कांस्य पदकों के साथ कुल 20 पदक जीते। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में वाणी, ध्रुव, भगत राम, रियान व रुद्रांश ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं भविष, अभिनव, यश, आरव, रुपित, वणिज, मनन व मयंक ने रजत पदक व नव्या, प्रयागराज, मुनित, दक्ष, मनन, अर्जुन व तेजस ने कांस्य पदक जीते। स्कूल में पहुँचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया वे सभी बधाई के पात्र हैं। क्योंकि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना ही अपने आप में महत्वपूर्ण है और उसमें पदक जीतना सोने पर सुहागा जैसा है। उन्होंने टीम के प्रशिक्षक को भी बधाई देते हुए कहा कि इसका श्रेय विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ-साथ प्रशिक्षक को भी शत प्रतिशत जाता है जो बच्चों को इतनी मेहनत कराने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।



**यमुनानगर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।



**यमुनानगर।** संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विजेता टीम को सम्मानित करते आयोजक।

### स्प्रिंग डेल्स क्रिकेट अकादमी ने जीती प्रतियोगिता

**रादौर।** संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में चल रही खेल प्रतियोगिता सोमवार को भी जारी रही। खेल प्रतियोगिता में 14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्प्रिंग डेल्स क्रिकेट अकादमी व संजय गांधी प्रो क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें स्प्रिंग डेल्स क्रिकेट अकादमी ने जीत दर्ज की। संचालक नवदीप सिंह बराड ने बताया कि विजेता टीम को 7100 रुपये व उप उपविजेता टीम को 3100 रूपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नवदीप सिंह बराड ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। खेलों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इसलिए बच्चों को इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### गीता निकेतन विद्यालय में मनाई परशुराम जयंती

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर 3 विद्यालय में परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन भगत सिंह सदन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविता पाठ और भाषण गतिविधि में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित कविताएं पढ़ीं और भाषण दिए।

### विद्यार्थियों ने वुशु स्पर्धा में में जीते 6 गोल्ड मैडल



**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी जयराम पब्लिक स्कूल एवं न्यू जयराम सैनिक स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा के साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रहे है। विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम स्टेडियम में आयोजित 18 वीं जिला स्तरीय सब जूनियर यूथ सीनियर मैन एंड वूमेन वुशु चैंपियनशिप 2025-26 में भाग लिया और 6 गोल्ड मेडल प्राप्त किए।

### आतंकी हमले में मारे गए लोगों दी श्रद्धांजलि

**कुरुक्षेत्र।** नगर परिषद थानेसर के वार्ड नं.10 के पार्षद पंकज खन्ना के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर आतंकियों और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद पिपली चौक से बाजार में कैंडल मार्च निकाला। समाजसेवियों और वार्ड वासियों ने कैंडल मार्च निकाल कर आतंकी हमले में मारे गए 28 लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना प्रकट की।

# एनसीटीई शुरू करेगा आगामी सत्र से चार नए कोर्सः प्रो. पंकज अरोड़ा

## आईटीईपी, योगा, फिजिकल ट्रैनिंग, पर्फोमिंग व विजुअल आर्ट तथा संस्कृत शिक्षक कोर्स होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन जल्द ही देशभर में योगा, फिजिकल ट्रेनिंग, पर्फोमिंग व विजुअल आर्ट तथा संस्कृत के इंटिग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) शुरू करेगा। इसका खाका तैयार हो चुका है ताकि देशभर में शिक्षण संस्थानों में छात्रों को योग्य शिक्षक मिल सकें। यह जानकारी एनसीटीई के चेयरमैन प्रो. पंकज अरोड़ा सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में पत्रकार वार्ता में दी। उनके साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, चौधरी बंसी लाल यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो.



दीप्ति धमार्णी, एनसीटीई की सदस्य सचिव अभिलाषा झा मिश्रा, कुवि के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया व कार्यक्रम के संयोजक डी.के. चतुर्वेदी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि देशभर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए एनसीटीई प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में शिक्षक शिक्षा से संबधित संस्थानों में दी जाने वाली सुविधाओं का मानक निरीक्षण किया जा रहा है। हरियाणा में 779 शिक्षक शिक्षा संस्थानों में से 155 शिक्षण संस्थान को नोटिस जारी किए हैं जिन्होंने अपनी प्रगति रिपोर्ट जमा नहीं करवाई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने का मुख्य साधन शिक्षा है। शिक्षा देने का कार्य शिक्षक करते हैं। एनसीटीई का मुख्य कार्य है अच्छे शिक्षक तैयार करना ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके और उन्हें नई शिक्षा पद्धति व भारतीय संस्कृति के मूल्यों से ओत-प्रोत शिक्षा मिल सके। इसके लिए देशभर में नए शिक्षण कोर्स आरंभ किए जा रहे हैं जिसमें खासतौर पर चार नए कोर्स शुरू होंगे जिसमें योगा शिक्षक, फिजिकल ट्रेनिंग, आर्ट ट्रेनिंग में पर्फोमिंग और विजुअल आर्ट और संस्कृत भाषा के शिक्षक तैयार होंगे। भारतीय भाषाओं को बल देने के लिए इस प्रकार के कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। चार साल की बी.ए.बी.एड के बाद अब एक साल की बी.एड भी शुरू की जा रही है ताकि जो छात्र चार साल की बीए करेंगे वे एक साल की बी.एड कर सकें। एक साल की एम.एड भी शुरू की जाएगी और जो सी.बी.एस.ई, एस.सी.ई.आर.टी के स्कूलों में शिक्षक हैं उनके लिए पार्ट टाइम एम.ए भी शुरू करने का विचार चल रहा है।

### हरियाणा में 155 फर्जी संस्थानों को नोटिस जारी

पूरे देश में अब फर्जी संस्थान नहीं चल पाएंगे जिसके लिए एन.सी.टी.ई. 3 हजार संस्थानों को नोटिस जारी किए हैं जिसमें से 155 हरियाणा के शिक्षण संस्थान हैं जिन्होंने अपनी प्रगति रिपोर्ट जमा नहीं करवाई है उनको नोटिस जारी किए गए हैं। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में 9 राज्यों के उच्च व स्कूल शिक्षा से जुड़े प्रतिनिधि, निदेशक व अन्य अधिकारी भाग ले रहे हैं और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दो दिनों तक मंथन होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत बेहतर शिक्षक तैयार करने का कार्य एन.सी.टी.ई. कर रही है जिसका उद्देश्य है कि ऐसे कोर्स तैयार किए जाएं जिससे ऐसे शिक्षक तैयार हों जो छात्रों का सवार्गीण कर के साथ-साथ ऐसे छात्र तैयार करें जो नौकरी लेने की बजाए नौकरी देने वाले बनें।

## 15 को अनिल विज के आवास अंबाला कैंट पर निकालेंगे न्याय मार्च

# मांगों को लागू न करने पर रोडवेज कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन

### 2023 में सरकार ने जताई थी सहमति, लेकिन अभी तक लागू नहीं : प्रधान

- डिपो के प्रधान नरेंद्र पांचाल, प्रधान रामपाल व प्रधान नरेश सरवारा ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** नारेबाजी करते रोडवेज कर्मचारी।

मोर्चा हरियाणा रोडवेज के आह्वान पर कुरुक्षेत्र डिपो सांझा मोर्चा के द्वारा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रदर्शन किया गया जिसकी अध्यक्षता डिपो के प्रधान नरेंद्र पांचाल, प्रधान रामपाल व प्रधान नरेश सरवारा ने की। संचालन सचिव रणजीत करोड़ा व प्रमोद मलिक ने किया। प्रधान नरेंद्र पांचाल ने बताया कि सरकार द्वारा मांगी हुई मांगों को महानिदेशक परिवहन विभाग के द्वारा आज तक लागू नहीं किया गया। 23 जून 2023 को कर्मचारियों की मांगों पर सरकार ने सहमति जताई थी तथा एक महीने का समय लागू करने का दिया था तथा दूसरी बार 16 जुलाई 2024 को मीटिंग में फैसला लिया गया था कि सरकार कर्मचारियों की सभी मांगों को मानेगी। मगर आज तक कोई भी मांग लागू नहीं की गई है। पिछले दिनों भी महानिदेशक ने 29 मार्च को 24 अप्रैल का सांझा मोर्चा को चंडीगढ़ में बुलाकर वार्ता करने का लेटर जारी किया था जिसको आनन-फानन में 22 अप्रैल को कैंसिल कर दिया गया जो कर्मचारी के साथ विश्वास घात है। इसीलिए सांझा मोर्चा ने रणनीति बनाकर सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। 15 मई को परिवहन मंत्री अनिल विज के आवास अंबाला कैंट पर न्याय मार्च निकाला जाएगा जिसकी अध्यक्षता राज्य सांझा मोर्चा करेगा और 20 मई रोड ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एक्ट बिल के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में राजेश सैनी, अश्विनी कुमार, राकेश कुमार, अनिल कुमार, अमित कुमार, रणवीर सिंह, कर्मपाल, साहब सिंह, पवन कुमार, प्रवीण कुमार, होशियार सिंह, सुनील कुमार, बलविंदर सिंह, राजेश कुमार, रमेश कुमार, सुरजीत कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाल देखरेख संस्थान का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

- हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों मीना कुमारी व मांगे राम द्वारा जिले में में चल रहे उदयन केयर होम का औचक निरीक्षण किया गया। संस्थानों में उनके द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में बच्चों को दी जाने वाली सभी प्रकार की सुविधा के बारे में जानकारी ली गई व संस्थानों में दिए जा रहे खान-पान की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया गया ताकि संस्थानों में रह रहे बच्चों को पौष्टिक आहार प्राप्त हो सके। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य मीना कुमारी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु पौष्टिक आहार अत्याधिक आवश्यक है। उन्होंने संस्था में बच्चों से संबंधित कागजात, दस्तावेज, फाईल, रिकार्ड इत्यादि को चैक किया गया। उनके द्वारा संस्था में मौजूद स्टाफ व बच्चों को साफ-सफाई रखने बारे कहा गया व साथ ही बताया कि साफ-सफाई से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है। निरीक्षण के



दौरान आयोग के सदस्यों मीना कुमारी व मांगे राम द्वारा संस्थान के इंचार्ज का दिशा-निर्देश दिए गए कि बच्चों का समय पर हैल्थ चेकअप करवाया जाए व शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान पाई जाने वाली कमियों को सुधार करने के निर्देश दिये गए। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी इन्दू शर्मा, संरक्षण अधिकारी रीचा शर्मा, चेयरमैन कृष्ण पांचाल, सदस्य जोगिन्द्र सिंह, सदस्य बाल कल्याण समिति हरि सिंह सहित बाल देख-रेख संस्थान का स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## नगर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिहोवा

नगर पालिका पिहोवा की सेनेटरी इंस्पेक्टर मिनाक्षी टाया के नेतृत्व में नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। सेनेटरी इंस्पेक्टर ने बताया कि नगर पालिका सचिव मोहनलाल के आदेश अनुसार नगर पालिका के द्वारा आज एक विशेष कार्रवाई की गई। नगर पालिका सचिव मोहनलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मां सरस्वती गेट के पास व बस स्टैंड व इसके आसपास के सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ हैं। इसके साथ मेन बाजार व गुरुद्वारा रोड पर जगह-जगह दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण किया हुआ हैं। इसी को लेकर नगर पालिका सचिव मोहन लाल ने मौखिक तौर पर उन्हें चेतावनी दी थी। पालिका सचिव ने बताया कि अतिक्रमण को लेकर प्रशासन के पास शिकायतें आ रही थी। उन्होंने बताया कि कुछ दुकानदार तो अपनी दुकानों के आगे सम्मान रखकर अतिक्रमण करते हैं और रेडियां लगाकर पूरा रास्ता ब्लॉक कर देते हैं जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है।

### गीता विद्या मंदिर में मनाई परशुराम जयंती

**शाहबाद।** गीता विद्या मंदिर में भगवान परशुराम जयंती मनाई गई जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य निशा गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से किया गया। प्रधानाचार्य, विद्यार्थियों व आचार्य द्वारा भगवान परशुराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। निशा गोयल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परशुराम का जन्म माता रेणुका और ऋषि जमदगनि के घर प्रदोष काल में हुआ था उन्हें चिरंजीवी माना जाता है। परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। इनका मूल नाम राम था भगवान शिव द्वारा दिया गया परशु अस्त्र धारण करने के कारण इनका नाम परशुराम पड़ा।

*पूर्व मंत्री ने कथा का किया शुभारंभ*

# मनुष्य को विनम्र एवं सहनशील होना चाहिए : कथावाचक शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

गौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित आर. के. एन्क्लेव, पटियाला बैंक कॉलोनी मे भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने कहा कि मनुष्य चाहता है कि हमारे सभी इच्छाएं पूर्ण हो लेकिन संसार के किसी भी प्राणी की सभी इच्छा कभी पूरी नहीं हुई है। एक इच्छा की पूर्ति होने के बाद स्वतः दूसरी इच्छा खड़ी हो जाती है। और यही दुख का कारण है। कथा के बीच मुख्य अतिथि थानेसर विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने दीप प्रज्वलित किया। अशोक अरोड़ा ने कहा कि समाज परिवार में भाई चारा हमेशा होना चाहिए। अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए महा पुरूषों के बताये हुए रास्ते पर चलने का प्रयास करना चाहिए। गीता एवं भागवत की सुनने कथा से मनुष्य की दिशा एवं दशा बदल जाती हैं। अरोड़ा ने कहा कि समय समय पर भागवत कथा का आयोजन होते रहना चाहिए। जिससे कि हमारा सामाजिक प्रेम बना रहता हैं। कथा की वृद्धि करते हुए कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि जब तक इच्छाओं का दमन नहीं होगा तब तक हम



परमात्मा की और अग्रसर नहीं हो सकते। वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने कहा कि जितना सांसारिक चीजों में मोह माया बढ़ता जाएगा, उतना ही हम परमात्मा से दूर होते चले जाएंगे। अतः जीवन में परमात्मा प्राप्ति की इच्छा करने वाले लोगों को पहले अपनी इच्छाओं का दमन करना चाहिए। भागवत कथा के अवसर पर उमेश साहनी, रिंकू शाक्या, वीरेंद्र बराड, सुनील यादव ललित यादव, प्रभु दयाल पासी, कृष्ण गोपाल शर्मा, पवन कुमार, तरुण शर्मा, एवं अन्य उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में शिकायतों के निपटान में कोताही बर्दाशत नहीं होगी : नेहा सिंह

- समाधान शिविर में 58 शिकायतें आई, इनमें से 43 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ थानेसर

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रत्येक कार्य दिवस में आयोजित होने वाले समाधान शिविर की समीक्षा स्वयं कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ त्वरिक कार्रवाई करते हुए समाधान शिविर की शिकायतों को निपटाने के निर्देश दिए। उपायुक्त नेहा सिंह सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला वासियों की समस्याएं सुन रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह, नगराधीश डा.रमन गुप्ता ने क्रिड व अन्य विभागों से संबंधित 58 शिकायातों को सुना। उन्होंने अधिकारियों को समाधान शिविर के लिए निर्धारित समय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सोमवार को समाधान शिविर में 58 शिकायतें आई, इनमें से 43 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया और शेष समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए है।



उपायुक्त नेहा सिंह।

# भगवान परशुराम विष्णु के छठवें अवतार

## गीता कन्या विद्यालय में मनाई भगवान परशुराम जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एकादश कक्षा की छात्रा अमृतप्रीत ने भगवान परशुराम जयंती के विषय में छात्राओं को जानकारी दी तथा बताया कि भगवान परशुरामजी भगवान विष्णु के छठवें अवतार थे। भगवान विष्णु के छठे स्वरूप में उन्होंने धरती पर राजाओं द्वारा किए जा रहे अधर्म, पाप और जुल्म का विनाश करने के लिए जन्म लिया था। इनके पिता ऋषि जमदग्नि एवं माता रेणुका थी। हिंदू मान्यताओं के अनुसार यह कहा जाता है कि सात चिरंजीवी पुरुषों में से एक भगवान परशुराम हैं और वह अभी भी इस धरती पर जीवित हैं। ऋषि जमदग्नि के पुत्र होने के कारण इन्हें जमदाग्नि भी कहा जाता है। भगवान परशुराम का उल्लेख हमें महाभारत, रामायण, भागवत और कल्कि पुराण के ग्रंथों में मिलता है उनका जन्म एक ब्रह्म ऋषि के रूप में हुआ था हमारे हिंदू समाज के लोगों



को भगवान परशुराम से यह सीख लेनी चाहिए कि व्यक्ति ब्राह्मण, क्षत्रिय, शूद्र और वैश्य अपने कर्मों से बनता है ना कि जन्म से। परशु धारण करने के कारण ही भगवान परशुराम को भगवान शिव और भगवान विष्णु के संयुक्त अवतार के रूप में जाना जाता है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा एवं डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी एवं प्राचार्या सुमन बाला ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी।

## शाहबाद में निःशुल्क आईवीएफ एवं रसौलियों की जांच शिविर आयोजित



**शाहबाद।** निसंतानता जैसी जटिल समस्या से पीड़ित मरीजों के लिए राहत प्रदान करने हेतु श्री देवी भगवती बाला सुन्दरी मंदिर शाहाबाद में एक विशेष निःशुल्क आईवीएफ कैम्प एवं रसौलियों की जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में डॉक्टर नूपुर शर्मा, वरिष्ठ गाइनेकोलॉजिस्ट, जीरकपुर एवं उनकी टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में प्रजनन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को निःशुल्क परामर्श और जाँच की सुविधाएं प्रदान की गईं। ट्यूब ब्लॉकेज, रसौलियों, और बांझपन जैसी समस्याओं के समाधान हेतु विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 42 मरीजों की जांच की और आवश्यक परीक्षण किए। कुछ विशेष जांचों पर अस्पताल द्वारा रियायती दरों पर सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शाहाबाद में आयोजित तीसरा कैम्प था, जिसे लोगों ने बेहद सराहा। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि समाज को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

**कार्यक्रम** सेक्टर 13 में अभिन्नद समारोह का किया आयोजन, दी बधाइयां

*समारोह में कुरुक्षेत्र शहर की अनेक धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने श्रेयक का सम्मान किया*

# यूपीएससी में 35वीं रैंक हासिल करने वाले डॉ. श्रेयक गर्ग का भव्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

पहले दादके सोनीपत में अब नानके कुरुक्षेत्र में प्रतिष्ठित संघ लोक सेवा आयोग यानि यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में 35वीं रैंक हासिल करने वाले डॉ. श्रेयक गर्ग का धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में सेक्टर 13 में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। डॉक्टर श्रेयक के मामा अभिनव अग्रवाल और मामी दीप्ति गुप्ता द्वारा आयोजित इस अभिनंदन समारोह में कुरुक्षेत्र शहर की अनेक धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने श्रेयक का सम्मान किया। इस सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के



कार्यालय प्रतिनिधि कैलाश सैनी, नगरपरिषद की पूर्व चेयरमैन उमा सुधा, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन प्रदीप झांब, डॉक्टर मोती गोयल, ऋषि कुमार गुप्ता, अजय गुप्ता, नवीन जिंदल फाउंडेशन और फ्रेंड्स क्लब से विनोद गर्ग, गौरव सिंगला, श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत सभा से प्रधान सत प्रकाश गुप्ता, महासचिव गौरव सिंगला, कोषाध्यक्ष कपिल मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार मित्तल, विनोद गर्ग, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजीव सीकरी, 48 कोस तीरथ मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, सतीश गर्ग पार्षद, विशाल सिंगला, माणिक गोयल, कुरुक्षेत्र बार एसोसिएशन के प्रधान धर्मेंद्र अत्री, पूर्व प्रधान राजेंद्र जुनेजा, परमजीत सिंह पम्मा, नोनी मक्कड़, नारायण दत्त गुप्ता, अभिषेक गर्ग सहित असंख्य गणमान्य लोगों ने इस अभिनंदन समारोह में शामिल होकर डॉक्टर श्रेयक का मुंह मीठा करवाया और उन्हें सम्मानित भी किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को देखकर आईएएस की लॉबी में शामिल होने का लिया फैसला

डॉक्टर श्रेयक गर्ग ने बताया कि जब उन्होंने अपनी इंटर्नशिप के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को देखा तो उन्होंने पॉलिसी बनाने वाले आईएएस की लॉबी में शामिल होने का फैसला किया। अब यूपीएससी के नतीजे को देखकर उनका सपना पूरा होता हुआ नजर आ रहा है। डॉ. श्रेयक गर्ग ने बताया कि उन्होंने महाराष्ट्र के वर्धा में महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान से एम.बी.बी.एस. की डिग्री भी हासिल की है इसके बाद प्रशिक्षण के लिए जब वह ग्रामीणों के बीच पहुंचे तो उन्होंने वहां के हालात देखें और उनकी मदद करने की ठानी। लेकिन मदद करने के लिए उन्हें बड़े पद पर जाना जरूरी था जिसके बाद उन्होंने 2022 में बगैर तैयारी के ही यूपीएससी का एग्जाम दिया था और फिर तैयारी शुरू कर दी। तैयारी करते हुए 2024 में उन्होंने दोबारा एग्जाम दिया और उसके बाद अब उन्होंने 35वीं रैंक हासिल की है। डॉ. श्रेयक गर्ग ने कहा कि उन्हें लोगों की सेवा करने लिए सिविल सर्विसेज में जाना था और उसी के लिए मेहनत की और नतीजा सभी के सामने है।

## खबर संक्षेप

### शादी के नाम पर प्रेम जाल में फंसा कर दिया धोखा

**बराड़ा।** बसंतपुरा निवासी एक युवती ने यहां के नवनीत सिंह पर शादी करने का झांसा देने, पैसे हड़पने, धोखा देने व बाद में शादी से मुकरने का आरोप लगाया है। बता दें कि पीड़ित युवती कुछ दिन पूर्व ही क़रीब एक माह की छुट्टी पर इंडिया आई हुई थी। इस दौरान पीड़िता ने एसपी को दी अपनी शिकायत में कहा कि आरोपी नवनीत सिंह ने उसे शादी करने का झांसा दिया व उससे लाखों रुपये और महंगे गिफ्ट्स हड़पे और बाद में उसे धोखा दिया। पीड़िता कनाडा के हैमिल्टन शहर में रह रही है। उसने नवनीत पर आरोप लगाया है कि उसने वर्ष 2012 में उससे शादी का वादा कर दोस्ती की। इतना ही नहीं पीड़िता ने उसे कनाडा बुलाने के लिए भी प्रयास किए। उसने वीजा प्रक्रिया के लिए आरोपी की हर संभव आर्थिक मदद भी की।

### रंजिशन हमला करने पर दो के खिलाफ केस

**जींद।** गांव डोहाना में रंजिश के चलते तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डोहानाखेडा निवासी नीटू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव के ही सुरेश से विवाद को गया था। गत दिवस सुरेश ने बंसल के फोन से कॉल कर उसे बाहर बुला लिया।

### ट्रैक्टर चालक ने बाइक चालक को कुचला, मौत

**कैथल।** कैथल के चीका में एक ट्रैक्टर ड्राइवर ने बाइक पर जा रहे 27 वर्षीय युवक को कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक के भाई ने इस संबंध में चीका थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### हमला कर दो युवकों को घायल करने पर केस

**जींद।** सफीदों के हाट रोड पर कुछ युवकों ने हमला कर दो युवकों को घायल कर दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने घायल की शिकायत पर 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पाजू खुर्द निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दोस्त गांव सिंघाना निवासी नवीन ने काम के सिलसिले में सफीदों के हाट के रोड पर बुला लिया। जब दोनों आपस में बातचीत कर रहे थे।

### बारह हजार रुपये लूट के दो आरोपित दबोचे

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने लगभग एक सप्ताह पहले गांव ढाकल के निकट पिकअप चालक से मारपीट करने तथा 12 हजार रुपये लूटने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। धर्मसिंह कालोनी नरवाना निवासी दलबीर ने गत 12 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव लोहचब से शहर मे कोचिंग के लिए निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोहचब निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया उसकी बेटी शहर में कोचिग लेती थी।

## हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने कई दुकानदारों के दस्तावेज जांचे

# ऐलानः मंडे बाजार में बाहरी व्यक्तियों को नहीं करने दिया जाएगा कारोबार

**पुलिस ने जांच के दौरान 90 दुकानदारों के अजनबी पर्चे भरे, आपराधिक रिकॉर्ड मिलने पर होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** मंडे बाजार में फड़ी लगाने वालों की जांच करते एसएचओ व अन्य जवान।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले के बाद लोगों में गुस्सा है। इसको लेकर हिंदू संगठन बाहरी लोगों पर नकेल कसने की मांग कर रहे हैं। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों ने अंबाला के मंडे मार्केट में किसी भी बाहरी व्यक्ति को कारोबार नहीं करने दिया। आतंकी हमले के खिलाफ गुस्साए हिंदू परिषद के सदस्यों ने एकजुट होकर अंबाला कैंट में आयोजित मंडे मार्केट में अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने जय श्री राम, हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। हिंदू समाज के लोगों ने इस बाजार में रेहड़ी लगाने वालों से अपील की है कि वह किसी भी बाहरी मुस्लिम समुदाय के लोगों को रेहड़ी न लगाने दें। हालांकि मंडे मार्केट में लगने वाली दुकानदारों में से कुछ से आधार कार्ड भी जांचे। मौके पर अंबाला कैंट थाना प्रभारी अजायब सिंह सहित भारी पुलिस तैनात रहा। इस बीच बाहरी मुस्लिम समुदाय की इस बाजार में कोई रेहड़ी नहीं मिली। आखिर में पुलिस हिंदू परिषद के सदस्यों को समझाते हुए कहा कि उनकी तरफ से नियमित तौर पर नजर रखी जा रही है। इसके बाद सभी वापस लौट आए। हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों का साफ तौर पर कहना है कि जो घटना जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई उसके बाद बाहरी व्यक्ति पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि ये लोग यहां पहले रेकी करके बाद में किसी ऐसी घटना को अंजाम न दे दें। यही कारण है कि बाहरी व्यक्तियों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। बजरंग दल के सदस्यों ने कहा कि मंडे मार्केट केवल अंबाला वासियों के लिए है यहां केवल वो ही कारोबार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में अंबाला में बाहरी व्यक्ति हमारे स्थानीय लोगों से झगड़ा भी करते थे। उन्होंने बताया कि इसके बारे में थाने में भी शिकायत दी गई थी।

### पुलिस वैरिफिकेशन जरूरी

एसपी ने भी लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह किराएदारों या दुकानों पर काम करने वालों की पुलिस वैरिफिकेशन कराकर ही किराएदार या अपनी दुकान पर काम करने के लिए रखें। कई बार आपराधिक किस्म का व्यक्ति होता है जिसे हम किराएदार या दुकान पर काम करने के लिए रख लेते हैं। वह अपराध करके निकल जाता है बाद में पता करने पर मालिक द्वारा न तो पुलिस वैरिफिकेशन करवाई मिलती है और न ही उसका कोई पहचान पत्र होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्यक्तियों को किराएदार या काम पर न रखें।

### उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी

एसएचओ अंबाला छावनी अजायब सिंह ने सोमवार को अंबाला छावनी में लगने वाले फड़ी बाजार का किया दौरा। उन्होंने यहां संदिग्ध व्यक्तियों के भरे पर्चे अजनबी, किराएदारों व दुकानों पर काम करने वालों की वैरिफिकेशन करवाने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि इस बाजार में दुकानदार दूर दराज से सामान बेचने के लिए दुकानें लगाते हैं। खरीददार सामान की खरीददारी करते हैं। अक्सर देखने में आया है कि सोमवार लगने वाले बाजार में दुकान लगाने वाले अधिकतर दुकानदार व दुकान पर काम करने वालों की वैरिफिकेशन नहीं होती। न ही अधिकतर व्यक्तियों के पास कोई पहचान पत्र होता है। जांच के दौरान फडी बाजार से एसएचओ ने लगभग 80-90 संदिग्ध व्यक्तियों के पर्चे अजनबी भरवाए। पहचान के लिए पर्चे अजनबियों को डाक के माध्यम से संबंधित थाना को भेजा जाएगा। थानों से पता किया जाएगा कि किसी के खिलाफ कोई आपराधिक रिकार्ड तो नहीं है। अगर किसी का आपराधिक रिकार्ड पाया जाता है तो उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## आइडियाथॉन पहल के तहत कार्यशाला का आयोजन किया

- आईआईटी रोपड़ की समृद्धि पहल के तहत उन्नत विनिर्माण तकनीक और स्टार्टअप पर दो दिवसीय कार्यशाला
- आईआईटी रोपड़ ने यूनिवर्सिटी, उत्तराखंड के साथ मिलकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोपड़/चंडीगढ़

आईआईटी रोपड़ प्रौद्योगिकी और नवाचार फाउंडेशन AWADH, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के NM-ICPS के तहत, गोविंद बल्लभ पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (GBPIET), पौड़ी, उत्तराखंड के सहयोग से, IIT रोपड़ की समृद्धि आइडियाथॉन पहल के तहत "उन्नत विनिर्माण तकनीक में हालिया रुझान और छात्रों के लिए स्टार्टअप अवसर" पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला ने संकाय और छात्र स्टार्टअप को सशक्त बनाया, जिससे कृषि, AI और CPS में नवाचार के लिए IIT रोपड़ की प्रतिबद्धता को बल मिला। GBPIET को CPS प्रशिक्षण के लिए अनुदान प्राप्त करने के लिए आइडियाथॉन पहल के तहत चुना गया था। डॉ. अमित कुमार (PI) और छात्र रोहित कंडवाल ने जल उपचार प्रौद्योगिकी विकास के लिए अतिरिक्त 2.5 लाख का अनुदान भी प्राप्त किया। उद्घाटन सत्र में डॉ. धनंजय सिंह (निदेशक, GBPIET ), प्रो. केकेएस मेर (HOD), प्रो. संजीव नैथानी (Dean R&D), डॉ. मुकेश केस्टवाल (CIO, IIT Ropar TIF), डॉ. अमित कुमार (पीआई), और सह-पीआई डॉ. आशुतोष गुप्ता और डॉ. हिमांशु प्रसाद रतूड़ी शामिल थे। डॉ. धनंजय सिंह ने छात्र-उद्योग संपर्क को बढ़ावा देने में कार्यशालाओं की भूमिका पर जोर दिया और टीम को बधाई दी। डॉ. मुकेश केस्टवाल ने आईआईटी रोपड़ की iHub-AWaDH और कृषि में AI CoE, ANNAM.AI की पहल पर मुख्य भाषण दिए। उन्होंने सीपीएस एकीकरण, फंडिंग के अवसर, टीआरएल और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग पर चर्चा की।

## पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन

- समाजसेवी नरेंद्र बिलमा बोले खेल से व्यक्तित्व पर निखरता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना



**मुलाना।** बेंच प्रेस स्ट्रांग वुमैन का खिताब पाने वाली मोनिका को सम्मानित करते मुख्यअतिथि।

विश्वकर्मा मंदिरमें एएफबीबीए के अध्यक्ष गगन कुमार और जनरल सेक्रेटरी विकास जिंदल द्वारा भव्य पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में युवा और युवतियों ने भाग लिया। चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विजेता एथलीटों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी नरेंद्र बिल्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बिलमा ने अपने संबोधन में कहा, खेल न केवल शारीरिक मजबूती देता है बल्कि व्यक्तित्व को भी निखारता है। युवाओं को खेलों के माध्यम से सकारात्मक दिशा में बढ़ते देखना गर्व का विषय है। आयोजक गगन ने भी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा हमारा लक्ष्य युवाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। भविष्य में भी हम ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते रहेंगे।

## हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने का अधिकार

- नए शिक्षा सत्र में फाउंडेशन की ओर से चलाया जा रहा व्यापक अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** बच्चों के साथ इद्रीश फाउंडेशन की टीम। *फोटोः हरिभूमि*

नया शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही इद्रीश फाउंडेशन की टीम एक नई ऊर्जा के साथ मैदान में उतर गई है। संस्था का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। इसी दिशा में फाउंडेशन ने एक व्यापक अभियान की शुरुआत की है जिसमें बच्चों को गोद लेना, उन्हें कॉपी, किताब, वर्दी और अन्य शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराना शामिल है। प्रोजेक्ट केयर' के तहत इस वर्ष 30 जरूरतमंद बच्चों का चयन किया गया है जिनकी स्कूल फीस समाज के मददगार और संवेदनशील लोगों के सहयोग से उपलब्ध कराई जाएगी। फाउंडेशन का मानना है कि आर्थिक अभाव किसी भी बच्चे की पढ़ाई में बाधा नहीं बनना चाहिए। साथ ही, 'इंदु की पोटली' नामक एक और पहल के अंतर्गत 200 से अधिक बच्चों को कॉपी, पेन, बैग और पढ़ाई में सहायक अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर जो खुशी दिखाई दी, उसने इस प्रयास को और भी सार्थक बना दिया। इस अवसर पर फाउंडेशन की संस्थापक नेहा परवीन ने बच्चों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया और कहा, /"हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने का अधिकार है। फाउंडेशन का उद्देश्य है कि हम हर उस बच्चे तक पहुँचें जो संसाधनों की कमी के चलते शिक्षा से वंचित रह जाता है। कार्यक्रम में वंदना कौशल, करिश्मा कौशल और तरुण अग्रवाल ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

### अभियान से जोड़ा जाए

एसडी स्कूल की प्राचार्य सुनीता मनचंदा ने भी फाउंडेशन के प्रयासों की प्रशंसा करते कहा, /"फाउंडेशन का यह कार्य शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यदि हम सब मिलकर आगे आएं तो कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। इद्रीश फाउंडेशन की यह पहल न केवल बच्चों के वर्तमान को संवारने की दिशा में एक कदम है बल्कि उनके उज्जवल भविष्य के सपनों को भी आकार दे रही है। संस्था का संकल्प है कि भविष्य में और भी अधिक बच्चों को इस अभियान से जोड़ा जाए और शिक्षा की अलख पूरे समाज में जगाई जाए।

## भावना को मिस, विशाल को मिस्टर फेयरवेल का खिताब

- राजकीय महाविद्यालय में बीकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** विदाई समारोह के दौरान छात्रों के साथ शिक्षक। *फोटोः हरिभूमि*

राजकीय महाविद्यालय में बीकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक भावात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह प्राचार्या डॉ. खुशीला के मार्गदर्शन एवं कार्यकारी प्राचार्य डॉ. प्रोफेसर देवेन्द्र ढींगरा की अध्यक्षता में किया गया। इस विशेष अवसर पर सबसे पहले विद्यार्थियों ने कार्यकारी प्राचार्य एवं वाणिज्य विभाग के समस्त स्टाफ को पुष्पगुच्छ भेंटकर कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य द्वारा रिबन काटकर किया गया। कार्यकारी प्राचार्य एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर रेनू कुमारी ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी हमारे कॉलेज की शान हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत, ईमानदारी और सकारात्मक सोच से हर सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों से अपने मूल्यों को बनाए रखने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की बात कही। प्रोफेसर सुभाष कुमार एवं प्रोफेसर संजीव कुमार इतिहास विभाग ने भी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विदाई समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव सांझा किए और शिक्षकों को टाइटल देकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कई मनोरंजक खेल और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं जिससे माहौल और भी उल्लासपूर्ण हो गया। मिस फेयरवेल भावना, मिस्टर फेयरवेल विशाल, मिस ब्यूटीफुल रितिका, मिस्टर हैंडसम केतन एवं मिस परफेक्ट मानसी व मिस्टर दीपांशु बने। मंच संचालन बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्राओं भावना व मानसी ने किया। वाणिज्य विभाग के समस्त स्टाफ सदस्य डॉ. मनीषा, डॉ. सपना गुप्ता, डॉ. राजिंद्र, दलजीत, सपना सैनी, मुकेश, निशा व आशिमा ने भी अपनी शुभकामनाएं छात्रों को दी।

## पुतला फूंककर जताया विरोध

- रजा ए मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी ने भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** विरोध प्रदर्शन करते मुस्लिम समाज के लोग। *फोटोः हरिभूमि*

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सोमवार को विरोध प्रदर्शन हुआ। रजा ए मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी बादशाही मस्जिद द्वारा अंबाला शहर जगाधरी गेट चौक पर रोष प्रदर्शन किया। साथ ही मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। प्रधान मेराज आलम ने सरकार से आतंकी हमला करने वाले दोषियों पर ऐसी कार्रवाई करने की मांग की, जिससे फिर से कोई भी ऐसा कायराना हमला करने की कोशिश न कर सकें। इस दौरान रजा ए मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाए। सोसायटी के सभी पदाधिकारीयों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सोसायटी पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ केंद्र सरकार के किसी भी फैसले के साथ खड़ी है।

## ऑनलाइन सर्टिफिकेट बनवाना बना परेशानी

- सरकारी दफ्तरों में रिकॉर्ड आधा-अधूरा, कैसे बनेंगे ऑनलाइन सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

प्रदेश सरकार ने सभी विभागों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट बनाने के आदेश दिए है। इनमें जन्म , मृत्यु व जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य सभी सर्टिफिकेट शामिल हैं। सरकार ने अपने आदेश में कहा है कि इन प्रमाण पत्रों पर कम्प्यूटर जनित क्यूआर कोड अनिवार्य होगा। पुराने ऑफलाइन प्रमाण पत्र अब स्वीकार नहीं किए जाएंगे। हालांकि इस आदेश के बाद लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। क्योंकि प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे लोग है जिनके पास केवल पुराने ऑफलाइन प्रमाण पत्र हैं। अगर वो अपने इन सर्टिफिकेट को ऑनलाइन बनवाना भी चाहे तो सरकारी दफ्तरों में रिकॉर्ड ही पूरा नहीं है। ऐसे में लोगों के सामने बड़ी दिक्कत खड़ी हो गयी है।

### तंदवाल का मामला आया था सामने

बीते दिनों इसी प्रकार का मामला गांव तंदवाल के जसवंत सिंह का सामने आया था। उन्होंने बताया कि उनके बेटे दीक्षांत चौहान का जन्म प्रमाण पत्र 2007 में बराड़ा पीएचसी से ऑफलाइन जारी हुआ था। उसमें सभी जानकारियां सही दर्ज थीं लेकिन जब हाल ही में उन्होंने ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया तो नए दस्तावेज में न तो बच्चे का नाम था और न ही माता-पिता का नाम सही दर्ज किया गया। पीड़ित जब सीएचसी पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि अब नई फाइल बनवानी होगी। अधिकारियों ने माना कि ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं जिनमें पुराने रिकॉर्ड से ऑनलाइन डाटा मेल नहीं खा रहा। स्टाफ का कहना है कि रिकॉर्ड अधूरा या गलत होने के चलते यह समस्या आम हो गई है।

### सिस्टम सुधारने की मांग

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि ऑनलाइन सर्टिफिकेट बनाने के लिए ही सरकारी दफ्तरों में जब रिकॉर्ड पूरा नही है तो सरकारी अधिकारी किस आधार पर ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाकर देंगे। लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार को इस आदेश को लागू करने से पहले जमीनी हकीकत को समझना चाहिए तब जाकर ही ऐसे आदेश देने चाहिएं। या फिर पुराने ऑफलाइन प्रमाण पत्रों के आधार पर ही नए ऑनलाइन रिकॉर्ड को शुद्ध किया जाए।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी सम्मानित

# खुशी सभी बीमारियों व नकारात्मक विचारों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** सम्मानित किए गए लोगों के साथ बीके बहनें। *फोटोः हरिभूमि*

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में समाज सेवा में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। समाज की समृद्धि में अध्यात्म की भूमिका* विषय पर विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता मुंबई से पधारे राजयोगी भ्राता डॉ ईवी स्वामीनाथन जी ने नेगेटिव भावनाओं को पॉजिटिव में परिवर्तन करने के बहुत अच्छे तरीके बताए। उन्होंने डायबिटीज की बीमारी का उदाहरण देते हुए समझाया कि बीमारी का जो कारण है वह है मन में खुशी न होना। जितना हमारे मन में खुशी रहती है उतना हमारे शरीर से निकलने वाले हार्मोन संतुलित रहते हैं। सभी बीमारियां हमसे दूर रहती हैं। हमारे मन में उठने वाले नकारात्मक विचारों के कारण व्यर्थ विचारों के कारण इंसान बहुत सारी बीमारियों से ग्रस्त हैं। हमारे देश का बहुत सारा पैसा डॉक्टर के पास जा रहा है। यदि हमें अपने समाज को समृद्ध बनाना है तो हमें अपने शरीर की बीमारियों को भी मेडिटेशन तथा एक्सरसाइज के माध्यम से ठीक करना चाहिए।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी राजेश्वरानंद ने कहा परमात्मा ने ज्ञान की देवी सरस्वती, धन की देवी लक्ष्मी, व शक्ति की देवी दुर्गा आदि महिलाओं को ही विशेष शक्तियां दी है ठीक इसी प्रकार यह ब्रह्माकुमारी बहनें भी इन सर्व शक्तियों से संपन्न है। वशिष्ट अतिथि डीएसपी सूरज चावला ने भी बहनों का आभार प्रकट किया की। नारायणगढ़ सेवा केंद्र इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हरदीप दीदी ने सभी का धन्यवाद किया तथा प्रसाद वितरित किया और जलपान करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहाबाद मारकंडा से पधारी राजयोगिनी बीके नीति दीदी ने की। इस अवसर पर बराड़ा सेवा केंद्र से राजयोगिनी बीके सविता दीदी बीके चेतना दीदी अंबाला शहर से बीके शिवानी दीदी रायपुर रानी से बीके किरण दीदी बीके सीमा दीदी अंबाला कैंट से मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगी भ्राता राकेश मेहता सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति व बीके भाई बहनें उपस्थित रहे।